# नर्मदापुरम में मुख्यमंत्री का हुआ स्वागत

**नवभारत न्यूज**

**नर्मदापुरम, 28 जून. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव रविवार को अपने अल्प प्रवास के दौरान एक निजी कार्यक्रम में शामिल होने नर्मदापुरम पहुंचे। बुधनी स्थित ट्राइडेंट हेलीपैड पर उनके आगमन पर जनप्रतिनिधियों और भाजपा पदाधिकारियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका आत्मीय स्वागत किया.**



मुख्यमंत्री के स्वागत के लिए बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि मौजूद रहे. स्वागत करने वालों में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं नर्मदापुरम विधायक सीतासरन शर्मा, लोकसभा सांसद दर्शन सिंह चौधरी, राज्यसभा सांसद माया नारोलिया, बुधनी विधायक रमाकांत भार्गव, सिवनी मालवा विधायक प्रेमशंकर वर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रीति पवन शुक्ला सहित अन्य जनप्रतिनिधि शामिल रहे.इसके अलावा राजेंद्र सिंह, पीयूष शर्मा, महेंद्र यादव, विकास नारोलिया, नवनीत नागपाल, माधव दास अग्रवाल, अखिलेश खंडेलवाल, सविता दीवान शर्मा, महेश उपाध्याय एवं हंसराय सहित भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने भी मुख्यमंत्री का स्वागत किया. मुख्यमंत्री डॉ. यादव निर्धारित कार्यक्रम के तहत निजी आयोजन में शामिल होने के बाद वापस रवाना हो गए. उनके आगमन को लेकर प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियों ने आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की थीं.

## मोहर्रम पर सभी धर्मों के लोगों ने लिया आशीर्वाद

**पिपरिया.** शहर में मोहर्रम के अवसर पर इस वर्ष भी आस्था और हैरतअंगेज परंपरा का अनोखा दृश्य देखने को मिला. हज़रत चांद शाह वली की सवारी, जिन्हें 'खंजर वाले बाबा' के नाम से भी जाना जाता है, ने पारंपरिक प्रदर्शन किया। इस दौरान खंजर, चाकू एवं तलवार जैसे धारदार औजारों को शरीर के विभिन्न अंगों, जैसे जीभ, गाल, भौंह, कान, गर्दन एवं हाथों पर लगाया गया. प्रदर्शन के दौरान बाबा कई घंटों तक शहर में भ्रमण करते हैं और बाद मंव खंजर निकालने पर उनके शरीर पर लगे घाव स्वत: भर जाते हैं. इस दौरान किसी प्रकार का चिकित्सकीय उपचार नहीं किया जाता.

# प्रतिभा सम्मान और सामाजिक एकता पर जोर

**नवभारत न्यूज**

**नर्मदापुरम, 28 जून. कड़ामानिकपुरी जिझौतिया ब्राह्मण समाज की बैठक में समाज की प्रतिभाओं को सम्मानित करने, संगठन को मजबूत बनाने और सामाजिक एकता को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया गया.**




बैठक को संबोधित करते हुए समाज के वरिष्ठ सदस्य उमाशंकर श्रोतीय ने कहा कि समाज का प्रत्येक सदस्य अपने स्तर पर छोटे-बड़े कार्य कर रहा है, लेकिन समाज की वास्तविक प्रगति तभी संभव है, जब सभी लोग एकजुट होकर कार्य करें और आपसी मनमुटाव को समाप्त करें.

उन्होंने कहा कि समाज के हर वर्ग, विशेषकर महिला और पुरुष, की समान भागीदारी सुनिश्चित की जानी चाहिए. साथ ही आने वाली पीढ़ी के लिए ऐसे कार्य किए जाएं, जो लंबे समय तक प्रेरणा का स्रोत बनें. उन्होंने बताया कि समाज द्वारा स्थापित आपदा प्रबंधन कोष के माध्यम से कई जरूरतमंदों की सहायता की गई है और भविष्य में इसे और अधिक सशक्त बनाया जाएगा.

उमाशंकर श्रोतीय ने शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित करने पर भी बल दिया. उनका कहना था कि इससे बच्चों में समाज के प्रति सम्मान, जुड़ाव और आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी.बैठक में समाज की गतिविधियों को और प्रभावी बनाने तथा सदस्यों के बीच समन्वय बढ़ाने पर भी विचार-विमर्श किया गया.

### एक नजर में

## 750 वर्ष पुराने इतिहास की अनमोल विरासत आई सामने



**नर्मदापुरम.** नर्मदा तट स्थित प्राचीन श्री जगदीश मंदिर ने एक बार फिर अपने गौरवशाली इतिहास के पन्ने खोल दिए हैं. ज्ञान भारतम् मिशन के अंतर्गत जिला प्रशासन द्वारा किए गए विशेष सर्वेक्षण में मंदिर से कई दुर्लभ एवं अमूल्य ऐतिहासिक धरोहरें प्राप्त हुई हैं. इनमें लगभग 100 वर्ष पुरानी हस्तलिखित पांडुलिपि, वर्ष 1864 का ब्रिटिश शासनकालीन संपत्ति अधिकार संबंधी दस्तावेज, प्राचीन शिलालेख तथा मंदिर के संस्थापक श्री श्री 108 महंत रिधिरामदास जी महाराज का दुर्लभ चित्र शामिल है .जिला प्रशासन की टीम ने 100 वर्ष पुरानी हस्तलिखित पुस्तक, ब्रिटिशकालीन दस्तावेज तथा प्राचीन शिलालेखों का डिजिटलीकरण करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है. कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशानुसार ज्ञान भारतम् मिशन के अंतर्गत डिप्टी कलेक्टर डॉ. बबीता राठौर एवं जिला प्रशासन की टीम ने नर्मदा तट स्थित प्राचीन श्री जगदीश मंदिर का सर्वेक्षण किया. मंदिर परिसर से पुरातन हस्तलिखित पुस्तक, ब्रिटिशकालीन दस्तावेज तथा अन्य ऐतिहासिक अभिलेख प्राप्त हुए. ये दुर्लभ धरोहरें नर्मदापुरम जिले की समृद्ध ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विरासत का महत्वपूर्ण प्रमाण हैं .टीम को कल्प करने की विधि से संबंधित लगभग 100 वर्ष पुरानी हस्तलिखित पुस्तक तथा सन 1864 का ब्रिटिश शासनकालीन संपत्ति अधिकार संबंधी दस्तावेज प्राप्त हुआ. मंदिर में स्थापित शिलालेख में उल्लेख मिलता है कि मंदिर का इतिहास 750 वर्ष से अधिक पुराना है. इन सभी अभिलेखों का ज्ञान भारतम् मिशन के अंतर्गत डिजिटलीकरण किया जाएगा, ताकि इन्हें सुरक्षित संरक्षित कर भावी पीढ़ियों तक पहुंचाया जा सके. देश की इस अमूल्य धरोहर के संरक्षण एवं संवर्धन के उद्देश्य से संचालित ज्ञान भारतम् राष्ट्रीय पांडुलिपि सर्वेक्षण अभियान भारत की गौरवशाली सांस्कृतिक विरासत को सुरक्षित रखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है. नर्मदापुरम जिले में प्राप्त हो रही ऐतिहासिक धरोहरें इस मिशन को नई ऐतिहासिक महत्ता प्रदान कर रही हैं. इन धरोहरों को ज्ञान भारतम् ऐप के माध्यम से डिजिटाइज कर सुरक्षित संरक्षित किया जा रहा है.

## लोगों ने ऑनलाइन ठगी से बचाव के सीखे गुर




**नर्मदापुरम.** साइबर जागरूकता अभियान 'सेफ क्लिक-2026 (2.0) जिले में संचालित किया जा रहा है. इसके तहत नर्मदापुरम पुलिस द्वारा लगातार विभिन्न स्थानों पर जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं. अभियान के अंतर्गत जिले के सभी थाना क्षेत्रों में स्कूलों, कॉलेजों, शासकीय एवं अशासकीय संस्थानों, ग्राम पंचायतों, स्वास्थ्य केंद्रों, बैंकों, पेट्रोल पंपों, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, बाजारों एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों पर आमजन, छात्र-छात्राओं तथा कर्मचारियों को साइबर अपराधों से बचाव के प्रति जागरूक किया जा रहा है. कार्यक्रमों में ऑनलाइन फ्रॉड, फर्जी लिंक, डिजिटल अरेस्ट, ओटीपी धोखाधड़ी, निवेश संबंधी ठगी, सोशल मीडिया फ्रॉड तथा बैंकिंग साइबर अपराधों से बचाव की जानकारी दी जा रही है. साथ ही बैनर, पोस्टर, पैंफलेट, नुक्कड़ नाटक, कार्यशालाओं, सेमिनारों, रैलियों, शपथ कार्यक्रमों एवं सोशल मीडिया के माध्यम से व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है. अभियान के दौरान राष्ट्रीय साइबर अपराध हेल्पलाइन नंबर 1930 एवं साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल के उपयोग पर विशेष बल दिया जा रहा है. जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में स्कूलों, कॉलेजों, कोचिंग संस्थानों, आंगनवाड़ी केंद्रों, ग्राम पंचायतों एवं भीड़भाड़ वाले स्थानों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए .इस दौरान नागरिकों को विशेष रूप से अपना ओटीपी किसी के साथ साझा न करने, संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करने तथा ऑनलाइन जॉब फ्रॉड से सतर्क रहने की सलाह दी गई. साथ ही लोगों को साइबर सुरक्षा संबंधी पैंफलेट भी वितरित किए गए.

# मलेरिया निरोधक माह में कार्यक्रम आयोजित

**लोगों को बीमारियों के प्रति जागरुक करना उद्देश्य**

**पिपरिया, 28 जून. मलेरिया निरोधक माह के रूप में मनाए जाने के तहत विकासखंड के प्रत्येक उप स्वास्थ्य केंद्र एवं ग्रामों में जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं.**

विकासखंड चिकित्सा अधिकारी के निर्देशन में स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं ने आमजन को एकत्रित कर मच्छरजनित बीमारियों के कारण, लक्षण एवं बचाव के उपायों की जानकारी दी. घरों में लार्वा नष्ट कराकर पैंफलेट वितरित किए गए तथा बुखार से पीड़ित लोगों की मलेरिया जांच भी की गई. इसी क्रम में विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में भी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए. मलेरिया निरीक्षक आर.के. पटेल एवं मलेरिया टेक्निकल सुपरवाइजर पुनीत शर्मा ने बताया कि घरों में पड़े कबाड़, शौचालय की टंकियों, पुराने टायरों, डिस्पोजल सामग्री, गमलों, पशुओं के पानी के बर्तनों तथा कूलरों में पानी जमा नहीं होने देना चाहिए. कूलर का पानी प्रत्येक चार दिन में बदलना आवश्यक है, क्योंकि ठहरे हुए पानी में मच्छर अंडे देते हैं और तेजी से पनपते हैं. वर्षा ऋतु के दौरान नियमित रूप से अपने घर एवं आसपास जमा अनावश्यक पानी को हटाते रहें, ताकि मच्छरों तथा उनसे होने वाली बीमारियों की रोकथाम की जा सके.

# अध्यक्ष पद के लिए चार दावेदार, 15 जुलाई को मतदान

**पहले दिन 11 ने लिए नामांकन फार्म**

**नवभारत न्यूज**

**नर्मदापुरम, 28 जून. जिला अधिवक्ता संघ के चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो गई है. पहले दिन विभिन्न पदों के लिए कुल 11 अधिवक्ताओं ने नामांकन फार्म प्राप्त किए. मुख्य निर्वाचन अधिकारी एस.एस. पटेल एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी राजेश अग्रवाल ने बताया कि चुनाव कार्यक्रम के तहत नामांकन फार्म लेने की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है और पहले दिन अधिवक्ताओं में चुनाव को लेकर उत्साह देखने को मिला.**

उन्होंने बताया कि अध्यक्ष पद के लिए चार, उपाध्यक्ष पद के लिए दो, जबकि कोषाध्यक्ष, सहसचिव एवं ग्रंथपाल पद के लिए एक-एक अधिवक्ता ने नामांकन फार्म लिया है. इसके अलावा कार्यकारिणी सदस्य के तीन पदों के लिए भी तीन अधिवक्ताओं ने फार्म प्राप्त किए हैं. इस प्रकार पहले दिन कुल 11 अधिवक्ताओं ने विभिन्न पदों के लिए नामांकन फार्म लिए.

निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि नामांकन फार्म प्राप्त करने की अंतिम तिथि 29 जून है. इसके बाद 30 जून और 1 जुलाई को नामांकन पत्र जमा किए जाएंगे. 2 जुलाई को नामांकन पत्रों की जांच (स्क्रूटनी) होगी, जबकि 3 जुलाई को दोपहर 2 बजे तक प्रत्याशी अपना नाम वापस ले सकेंगे. इसी दिन अंतिम प्रत्याशियों की सूची भी जारी कर दी जाएगी.

**अध्यक्ष पद के उम्मीदवार**

अध्यक्ष पद के लिए मनोज जराठे, राजीव दुबे, सुरेंद्र सिंह राजपूत और खेमराज चौहान ने फार्म लिया है. उपाध्यक्ष पद के लिए केशव चौहान एवं दिलीप सिंह ठाकुर, सहसचिव पद के लिए राकेश शर्मा, कोषाध्यक्ष पद के लिए शमशाद खान, ग्रंथपाल पद के लिए सौरभ तिवारी, जबकि कार्यकारिणी सदस्य पद के लिए श्रीकांत रघुवंशी, बालकराम अहिरवार एवं सलोनी अग्रवाल ने नामांकन फार्म प्राप्त किए हैं.

उन्होंने बताया कि जिला अधिवक्ता संघ का मतदान 15 जुलाई को सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक कराया जाएगा। मतदान समाप्त होने के बाद दोपहर 3 बजे से मतगणना शुरू होगी और परिणाम घोषित किए जाएंगे। चुनाव संबंधी सभी कार्य जिला अधिवक्ता संघ सभागार में वरिष्ठ निर्वाचन अधिकारी टी.एस. चौहान, सहायक निर्वाचन अधिकारी राजेश अग्रवाल, रामकुमार दुबे, अभिषेक शुक्ला एवं प्रशांत पालीवाल की उपस्थिति में संपन्न कराए जा रहे हैं। इस दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता एस.एम. ठाकुर, एम.एस. चौहान, रमेश परिहार तथा के.के. जराठे सहित अन्य अधिवक्ता भी मौजूद रहे।

# 108 कलशों से जगन्नाथ का महाअभिषेक

### महास्नान के बाद 15 दिन रहेंगे एकांतवास में

**16 जुलाई को निकलेगी भव्य रथयात्रा**

**नवभारत न्यूज**

**नर्मदापुरम, 28 जून. स्नान पूर्णिमा के पावन अवसर पर रविवार को शहर के सेठानी घाट स्थित जगदीश मंदिर, डोंगरवाड़ा के जगन्नाथ मंदिर तथा अन्य मंदिरों में भगवान जगन्नाथ, बड़े भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा का 108 कलशों से पंचामृत एवं पवित्र जल द्वारा महाअभिषेक किया जाएगा.**



वैदिक मंत्रोच्चार के बीच होने वाले इस धार्मिक आयोजन को लेकर मंदिरों में विशेष तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल है. धार्मिक मान्यता के अनुसार स्नान पूर्णिमा पर महा स्नान के बाद भगवान जगन्नाथ अस्वस्थ हो जाते हैं. इसके बाद 30 जून से भगवान की पारंपरिक ज्वर लीला प्रारंभ होगी और वे 15 दिनों तक एकांतवास में रहेंगे. इस अवधि में श्रद्धालुओं को भगवान के दर्शन नहीं होंगे। मंदिरों में औषधियों एवं विशेष सेवा-पूजा के माध्यम से भगवान के उपचार की परंपरा निभाई जाएगी. 15 जुलाई को नेत्रोत्सव के साथ भगवान पुन: भक्तों को दर्शन देंगे, जबकि 16 जुलाई को भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा भव्य रथयात्रा में नगर भ्रमण के लिए निकलेंगे. मंदिर के पुजारी विजय शंकर त्रिपाठी ने बताया कि स्नान के बाद भगवान 15 दिनों तक विश्राम गृह में रहेंगे और विशेष औषधियों से उनका उपचार किया जाएगा. इस वर्ष डोंगरवाड़ा में निकलने वाली रथयात्रा भी विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगी.

## 1 जुलाई से समर्थन मूल्य पर मूंग खरीदी

**नर्मदापुरम.** किसानों से मूंग खरीदी की प्रक्रिया शुरू हो रही है. 30 जून से स्लॉट बुकिंग शुरू होगी.रिमोट सेंसिंग से सर्वे, होगा. गलत पंजीयन निरस्त होंगे.इस बार उपार्जन में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी रोकने के लिए सरकार ने आधुनिक तकनीक का सहारा लिया है.एमपीएसईडीसी और एमपीसीएसटी के माध्यम से रिमोट सेंसिंग व सैटेलाइट तकनीक द्वारा लगाए गए मूंग के रकबे का सर्वे कराया गया है.जिन क्षेत्रों में वास्तव में मूंग की बुवाई नहीं हुई है, लेकिन कागजों में हेरफेर कर पंजीयन करा लिया गया है, उनकी सूची ई-उपार्जन पोर्टल पर अपलोड कर दी गई है.

# मां नर्मदा की स्वच्छता हमारा परम कर्तव्य

### कायस्थ समाज ने चित्र गुप्त घाट पर मातृशक्ति वृहद स्वच्छता अभियान



**नर्मदापुरम, 28 जून. नर्मदा को स्वच्छ, सुंदर और प्रदूषण मुक्त बनाए रखने के उद्देश्य से रविवार को अखिल भारतीय कायस्थ समाज की मातृशक्ति ने चित्रगुप्त घाट पर वृहद स्वच्छता अभियान चलाया.**

अभियान के दौरान महिलाओं ने श्रमदान कर घाट की साफ-सफाई की और लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया. स्वच्छता अभियान के दौरान मातृशक्ति ने घाट पर फैले कचरे को एकत्रित किया, फर्श पर झाड़ू लगाई तथा घाट की सीढ़ियों और किनारों पर जमी फिसलन भरी काई को भी साफ किया.एकत्रित कचरे को डस्टबिन में डालकर उसके उचित निस्तारण की व्यवस्था की गई.अभियान का उद्देश्य न केवल घाट की सफाई करना था, बल्कि समाज में स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना भी रहा. अखिल भारतीय कायस्थ समाज के जिला अध्यक्ष राजेंद्र श्रीवास्तव ने कहा कि मां नर्मदा हम सभी की जीवनदायिनी हैं और उनकी स्वच्छता बनाए रखना प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व है.

## नर्मदा में डूबे दो युवक ट्रेन दुर्घटना में 1 की मौत

**नर्मदापुरम.** शहर में शनिवार को नर्मदा घाट में डूबने से दो लोगों की मौत हो गई वहीं एक युवक की रेल दुर्घटना में मौत हुई. पुलिस में सभी मामलों में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.पुलिस के अनुसार कृष्ण कुमार कटारे ग्राम बाईखेड़ी की सर्किट हाउस घाट पर पानी में डूबने से मौत हो गई वे यहां नहाने आए थे. इसको लेकर दिनेश जोठे ग्राम सोना सावरी ने मामला दर्ज कराया. वहीं सेठानी घाट के पास काले महादेव मंदिर गोल घाट पर एक अज्ञात 20 साल के युवक की डूबने से मौत हो गई. इसको लेकर पप्पू उर्फ राम अवतार मालाखेड़ी निवासी में पुलिस को जानकारी देकर मामला दर्ज कराया.

# हनुमान चालीसा के साथ मना स्थापना दिवस

**नर्मदापुरम ,28 जून. नगर के स्टेशन स्थित हनुमान मंदिर में मंगलवार शाम अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल द्वारा संगठन का 9वां स्थापना दिवस श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया.**



इस अवसर पर संगीतमय हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ किया गया तथा श्रद्धालुओं के बीच खिचड़ी प्रसादी का वितरण किया गया.कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय बजरंग दल के प्रांत मंत्री जगबीर राजवंशी ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के संस्थापक डॉ. प्रवीण भाई तोगड़िया के मार्गदर्शन में 7 जुलाई तक स्थापना दिवस पखवाड़ा मनाया जा रहा है. इस दौरान प्रत्येक वार्ड और ग्राम समिति में हनुमान चालीसा पाठ, पौधारोपण, स्वास्थ्य शिविर, रक्तदान शिविर तथा जरूरतमंद परिवारों की सहायता जैसे विभिन्न सेवा कार्य आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से समाजसेवा के कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया.स्थापना दिवस के अवसर पर संगठन के नवीन दायित्वों की भी घोषणा की गई. जिला अध्यक्ष अजय ठाकुर की अनुशंसा पर किरण वैष्णव को राष्ट्रीय महिला परिषद (ओजस्विनी) का जिला अध्यक्ष, अंशुल राय को जिला महामंत्री, रज्जन यादव को जिला कार्यवाहक, राजेश शर्मा को मठ-मंदिर जिला प्रमुख, दीपक पवार को नगर मंत्री तथा दिलीप वैष्णव को नगर अध्यक्ष नियुक्त किया गया.कार्यक्रम में विभाग मंत्री विनोद कसर, जिला कार्यकारिणी अध्यक्ष व सदस्य मौजूद थे.


Regd. No. 1184/92 Dise Code 23370322412 School Code 67206

**Late Shri D.P. Dubey Memo. H.Sec. School**

शिक्षा संस्कृति और अनुशासन का उत्कृष्ट संस्थान

English & Hindi Medium

कक्षा नर्सरी से बारहवीं तक हिन्दी/अंग्रेजी माध्यम

सत्र 2025-26 के प्रतिभावान विद्यार्थी

कक्षा 11वीं/12वीं में गणित, आर्ट्स, कॉमर्स संकाय

Class 12th 83% LOKESH ANAND

Class 10th 80% ANANT PUNIKAR

Class 8th 85% ARWISH TAIYYBA

| | |
|---|---|
| **Class XII TOPPER** | |
| ANANT VISHWAKARMA | 80% |
| MANSI DHAKAD | 76% |
| ROHIT RAJ | 73% |
| MEET MALVIYA | 70% |
| DIVYANSHU ANAND | 66% |
| MANOJ PAL | 62% |
| YASH CHOUDHARY | 61% |
| SANSKRITI CHANDELE | 60% |
| **CLASS X TOPPER** | |
| ANJALI AMBORE | 68% |
| PALAK PRAJAPATI | 67% |
| MANAS CHANDELE | 66% |
| CHHAVI DAS | 66% |
| **CLASS VIII TOPPER** | |
| NOORJAHAN | 84% |
| SOMYA TILOTIYA | 83.5% |
| VEDANSH BARBAN | 83% |
| ATHRAV RAJULWAR | 83% |
| NILAKSHA BHAISARE | 73% |
| BHOOMI MEHRA | 67% |
| **CLASS V TOPPER** | |
| VANSH UDAIPURIYA | 67% |
| VANSH YADAV | 67% |
| YATHRTH UMARIYA | 67% |
| SHAIKH KAJIM | 67% |
| NAKSH PAL | 64% |
| NAITIK MEHRA | 63% |
| VIVAN KHARE | 63% |
| JASHTEEN KHARE | 62% |

ADMISSION OPEN

Limited Seats Available

- Teach Next Education (Smart Class) से शिक्षा
- नर्सरीसे केजीटूतक प्ले मेथड से शिक्षा
- ऑडियो, वीडियों एवं सी.डी. द्वारा पढ़ाई
- पूर्णतः स्वच्छ एवं अनुशासित परिवेश
- कक्षाओं में सतत निगरानी के लिए CCTV कैमरा सुविधा

रेलवे अस्पताल के पीछे, वैशाली नगर, न्यू यार्ड इटारसी, मो. 9300710289


**12 नए गैस शवदाह चैंबर, शेड, प्रतीक्षालय, पार्किंग और पेयजल की होगी व्यवस्था**

# 2 .54 करोड़ से संवरेगा सुविधाजनक राजघाट

**नर्मदापुरम, 28 जून.नर्मदा तट स्थित राजघाट का जल्द ही नए स्वरूप में विकास किया जाएगा. नगर पालिका परिषद ने राजघाट के कायाकल्प के लिए 2 करोड़ 54 लाख 23 हजार 707 रुपये की परियोजना तैयार की है.**



इसके तहत आधुनिक शवदाह गृह का उन्नयन, 12 नए गैस शवदाह चैंबर, सभी शवदाह स्थलों पर शेड, पार्किंग, प्रतीक्षालय, पेयजल सुविधा और मुख्य प्रवेश द्वार के सौंदर्यीकरण सहित कई विकास कार्य किए जाएंगे. नगर पालिका का लक्ष्य बारिश से पहले सभी जमीनी कार्य पूरे कर लोगों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना है.परियोजना के तहत वर्ष 2017 में स्थापित आधुनिक गैस शवदाह गृह को भी नए सिरे से विकसित किया जाएगा. यह शवदाह गृह रखरखाव के अभाव और वर्ष 2019 की बाढ़ के कारण क्षतिग्रस्त हो गया था. अब इसे आधुनिक सुविधाओं के साथ पुन: संचालित करने की तैयारी की जा रही है.नगर पालिका का कहना है कि राजघाट के विकास का उद्देश्य केवल शवदाह गृह का उन्नयन करना नहीं, बल्कि अंतिम संस्कार के लिए लोगों को सुविधा उपलब्ध कराना है.

> बारिश के मौसम में अंतिम संस्कार के दौरान होने वाली परेशानियों को देखते हुए सभी शवदाह स्थलों के ऊपर स्थायी शेड बनाए जाएंगे. मुख्य प्रवेश द्वार का निर्माण एवं सौंदर्यीकरण भी किया जाएगा, जिससे पूरे परिसर का स्वरूप आकर्षक और व्यवस्थित दिखाई देगा. वर्ष 2017 में करीब 36 लाख रुपये की लागत से स्वयंसेवी संस्था मोक्षदा के सहयोग से यहां आधुनिक गैस शवदाह गृह स्थापित किया गया था.

# अपने शुद्धात्म तत्व को जानने पर ही सम्यक दर्शन संभव है : वैराग्य

**नवभारत न्यूज**

**पिपरिया,28जून. तारण पंथ के श्रेष्ठ साधक ब्रह्मचारी श्री वैराग्य भैया जी ने मंगलवारा जैन मंदिर में आयोजित प्रात:कालीन प्रवचन श्रृंखला में कहा कि व्यक्ति जब परभाव को छोड़कर अपने निज स्वरूप को जानता और पहचानता है, तभी सम्यक दर्शन की प्राप्ति होती है.**

सम्यक दर्शन मोक्ष मार्ग का प्रमुख साधन है तथा सम्यक दर्शन वाला जीव ही मोक्ष पद को प्राप्त कर सकता है.उन्होंने कहा कि जीव को मिथ्या मान्यताओं का त्याग करना चाहिए.लोक-मूढ़ता और पाखंड-मूढ़ता का परित्याग ही मिथ्या मान्यताओं से मुक्ति दिलाता है.

वरिष्ठ समाजसेवी प्रदीप जैन अधिवक्ता ने बताया कि तारण पंथ के बाल ब्रह्मचारी श्री वैराग्य भैया जी पहले ऐसे संत हैं, जो केशलोंच करते हैं तथा पदविहार करते हैं. उनका वर्षावास टिमरनी में निर्धारित है. उसी क्रम में उनका पिपरिया आगमन हुआ है.उन्होंने बताया कि श्री वैराग्य भैया जी 29 जून को प्रात: 5 बजे पिपरिया से शोभापुर के लिए विहार करेंगे. उनके प्रतिदिन सुबह एवं शाम मंगलवारा चैत्यालय में प्रवचन आयोजित हो रहे हैं.